सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 125 | इंदौर, शनिवार 11 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Diwali: पीएम मोदी बोले- कल्याणकारी योजनाओं से जगमगा रहा देश का हर घर, दिवाली की खुशियों को देख जताया संतोष
2. Rajasthan Election: 200 सीटों पर 'आप' को नहीं मिले उम्मीदवार, छोटे-बड़े नौ दल चुनावी मैदान में
3. Rajasthan Poll: मनोज तिवारी बोले- मुस्लिम के लिए खजाना खोलो, हिंदू हो तो आंखें मूंद लो; यही कांग्रेस की सोच
4. Kerala: 'धन विधेयक बिना राज्यपाल की मंजूरी के पारित नहीं हो सकते', अपने रुख पर अड़े राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान
5. Delhi AQI: Delhi-Ncr समेत उत्तर भारत में बारिश ने बढ़ाई ठंड, प्रदूषण में कमी से लोगों ने ली साहत
6. Maharashtra: पुणे-बेंगलुरु राजमार्ग पर कंटेनर ले जा रहे ट्रेलर ने टेम्पो में मारी टक्कर, दो लोगों की मौत
7. केरल: दुष्कर्म के दोषी को 106 साल कठोर कारावास, गोद ली नाबालिग से दरिंदगी का मामला
8. Telangana Election: पीएम मोदी आज सिकंदराबाद में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, शाह समेत प्रमुख नेता होंगे शामिल

# तीसरा मोर्चा : सपा, बसपा, गोंगपा

## ◆ पहले भी बिगाड़े थे समीकरण, अबकी बार फिर ...!




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला अनेक सीटों पर दिखाई दे रहा है। वहीं बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी दोनों पार्टियों को पसोपेश में डाल दिया है। इसी बीच कुछ अन्य राजनैतिक पार्टियां तीसरे मोर्चे के रूप में कुछ सीटों पर सामने आई है। दरअसल 2018 के विधानसभा चुनाव में कड़े मुकाबले में भाजपा को 109 और कांग्रेस को 114 सीटें मिली थीं।**

उसी मुकाबले में लगभग 37 सीटें ऐसीं थीं, जहां बसपा, सपा और गोंगपा ने निर्णायक वोट लेकर प्रदेश की राजनीतिक तस्वीर को और दिलचस्प बनाया था। तीसरे मोर्चे के ये दल कई जगह वोट के मामले में दूसरे नंबर पर रहे। वहीं कई जगह हार-जीत के मार्जिन से भी अधिक वोट लेकर बड़े दलों का चुनावी गणित बिगाड़ा। इन सीटों में से सबसे अधिक 18 ग्वालियर-चंबल में, 6 बुंदेलखंड में और 7 विंध्य में रहीं। बाकी सीटें मालवा और महाकौशल क्षेत्रों में थीं। इस बार टिकट वितरण के बाद भड़की बगावत में भाजपा- कांग्रेस के कई दिग्गजों ने तीसरे मोर्चे का दामन थामा है।

### ये थीं 37 सीटें...

सुमावली, मुरैना, दिमनी, अंबाह, भिंड, पिछोर, बीना, निवाड़ी, दमोह, पन्ना, रामपुर बघेलान, सिरमौर, सेमरिया, देवतालाब, देवसर, धौहानी, ब्योहारी, विजयपुर, सबलगढ़, जौरा, अटेर, लहार, ग्वालियर ग्रामीण, भितरवार, करैरा, पोहरी, पिछोर, कोलारस, अशोकनगर, चंदेरी, देओरी, पृथ्वीपुर, बालाघाट, बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी और कटंगी।

### हार-जीत के मार्जिन से अधिक वोट ले गए ये दल

- मुरैना में कांग्रेस की जीत का मार्जिन 13.79% था, जबकि बसपा को 13.99 % वोट मिले थे।
- पिछोर में कांग्रेस 1.31 प्रतिशत वोट से जीती, बसपा को 2.31% वोट मिले।
- बीना में भाजपा मात्र 0.5 % वोट से जीती, बसपा प्रत्याशी को 5.45 % वोट मिले थे।
- पन्ना में भाजपा 12.18% वोट से जीती जबकि बसपा प्रत्याशी को 13.42% वोट मिले थे।
- ब्यौहारी में भाजपा को कांग्रेस से 20.72% वोट अधिक मिले, बसपा और गोंगपा मिलकर 26.55% वोट ले गए।

### 2023 में भी मुकाबले को दिलचस्प बनाया

सपा-बसपा का यूपी से सटे विंध्य, ग्वालियर -चंबल और बुंदेलखंड में तो गोंडवाना का विंध्य और महाकौशल के आदिवासी इलाकों में परंपरागत वोट बैंक रहा है। ये पार्टियां इस बार भी 35 से ज्यादा सीटों पर प्रभाव डालेंगी। बसपा का प्रभाव बढ़ सकता है क्योंकि उसका अब गठबंधन गोंगपा से है। दोनों के बढ़े हुए वोट कई सीटों पर बड़े दलों को दिक्कत देंगे।

### बसपा-गोंगपा साथ मैदान में

सपा के कुल 69 उम्मीदवार इस बार मैदान में हैं, जबकि बसपा ने 175 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। जबकि गोंगपा जो बसपा के साथ गठबंधन में है, ने 54 सीटों पर टिकट दिए हैं।

## हुकुम चंद मिल के मजदूरों के हित में चुनाव आयोग तत्काल अनुमति दे, हम भुगतान को तैयार महापौर भार्गव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हुकुमचंद मिल मामले में मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने एक बयान जारी कर चुनाव आयोग से मांग की है कि वह इस संबंध में तत्काल अनुमति प्रदान करे, हम बकाया भुगतान के लिए तैयार है.**

महापौर ने कहा कि हुकुमचंद मिल मजदूरों के बकाया भुगतान के लिए मप्र की भाजपा सरकार शुरू से प्रतिबद्ध रही है. इसके लिए मेरे द्वारा भी व्यक्तिगत तौर पर लगातार प्रयास किए गए ताकि जल्द से जल्द मजदूरों को उनका बकाया पैसा मिल जाए. इसी के चलते मप्र हाउसिंग बोर्ड और इंदौर नगर निगम ने एक प्रपोजल बनाकर हाई कोर्ट में प्रस्तुत किया था जिसे हाई कोर्ट ने स्वीकार किया गया. अब चूंकि विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और आचार संहिता लगी हुई है, ऐसे में भुगतान के पूर्व चुनाव आयोग की अनुमति और अन्य प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है, इसके चलते भुगतान में विलंब हो रहा है. श्री भार्गव ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह हजारों मजदूरों के हितों को देखते हुए तत्काल भुगतान की अनुमति प्रदान करे ताकि हम यह भुगतान कर सके।

## नन्हें बच्चों को मिठाई एवं आतिशबाजी वितरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इन दिनों दिवाली पर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है. हर्ष और उल्लास के पर्व दीपावली को अब कुछ ही दिन बाकी हैं. कोई घरों को सजाने में जुटा है तो कोई खरीदारी में व्यस्त है. वहीं, दूसरी ओर आज भी कुछ लोगों ऐसे है, जो त्यौहार मनाना तो चाहते है, लेकिन मना नहीं पाते है. वजह है संसाधनों की कमी और आर्थिक रूप से निर्धनता. ऐसे में अग्रणी सामाजिक संस्था एच सी मेहता सोशल वेलफेयर सोसायटी ने दीपोत्सव के पूर्व विभिन्न बस्तियों में जाकर जरूरतमंद नन्हे बच्चो को मिठाई एवं आतिशबाजी का वितरण किया । संस्था के मनीष शर्मा ने बताया कि नन्हे बच्चो की मुस्कराहट ने हमारे इस छोटे से प्रयास को सफल बना दिया , इससे पूर्व भी हम प्रतिवर्ष दीपोत्सव के अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के साथ खुशियों को बांटते रहे है । एच सी मेहता सोशल वेलफेयर सोसायटी निरंतर सामाजिक गतिविधियों में महत्ती भूमिका निभाती रही है संस्था ने महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण, वृक्षारोपण, निशुल्क हेल्थ कैंप, निशुल्क दवाइयों का वितरण, इंदौर गौरव रत्न सम्मान समारोह, कन्याओं का पाद पूजन एवं उपहार वितरण सहित अनेको गतिविधियों को समय समय पर संचालित किया है

# विद्याधाम पर लक्ष्मीजी के बड़े भाई धनवन्तरि के जन्मोत्सव पर आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान

◆ धनतेरस के उपलक्ष्य में सैकड़ों भक्तों ने आचार्य मंडल के साथ किया दीपदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में आज सायं भगवान धनवन्तरि का जन्मोत्सव सौल्लास मनाया गया। इस मौके पर शहर के नौ प्रमुख आयुर्वेद चिकित्सकों का सम्मान भी किया गया। धनतेरस के उपलक्ष्य में संध्या को आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में दीपदान भी हुआ। सैकड़ों भक्तों ने इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा, एवं यदुनंदन माहेश्वरी ने बताया कि आज संध्या को आयुर्वेद के जनक भगवान धनवन्तरि का आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में 11 विद्वानों ने षोडषोपचार पूजन एवं गो दुग्ध से अभिषेक किया। आश्रम परिवार की ओर से शहर के प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों का सम्मान भी किया गया। इनमें वैद्य प्रकाश शर्मा, ओ.पी. तिवारी, राधेश्याम सारैया, धर्मेन्द्र शर्मा, वैद्य शीतल दक्षेस जोशी, डॉ. सुनील बांठिया, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. सौ. मीनल शर्मा एवं डॉ. आशुतोष शर्मा प्रमुख थे। प्रारंभ में आचार्यों ने स्वस्ति वाचन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सा जगत से जुड़े बंधु उपस्थित थे। भगवान धनवन्तरि के चित्र पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संचालन पं. दिनेश शर्मा ने किया।

# गीता भवन के लक्ष्मी मंदिर में कल पूजन एवं यज्ञ हवन, मतदान के लिए भी प्रभावी अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मनोरमागंज स्थित गीता भवन में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर रविवार 12 नवम्बर को श्री लक्ष्मी माता के मंदिर में लक्ष्मी पूजन एवं यज्ञ-हवन का आयोजन सुबह 8.45 बजे से किया जाएगा। गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन एवं मंत्री रामविलास राठी ने बताया कि नारायण हरि चौधरी परिवार एवं गीता भवन ट्रस्ट मंडल के सदस्यों द्वारा इस पूजन में शामिल होकर समाज एवं परिवार में सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की जाएगी।**

### मतदान के लिए अपील

गीता भवन परिवार द्वारा विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक विचार पट्टिका का प्रकाशन भी किया गया है, जिसमें आम मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव को मजबूत बनाने के लिए 17 नवम्बर को मतदान करने जाने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन ने बताया कि इस विचार पट्टिका में कहा गया है कि सुबह की सैर, जिम, क्रिकेट मैच, बिग बास, वाटसऐप, वेबसीरिज बिंज, सराफे की चाट, दीपावली मिलन, भाईदूज और नए साल की व्यस्तताओं के बीच आपको एक और महत्वपूर्ण काम के लिए समय निकालना है झ वह काम है लोकतंत्र के उत्सव का। 17 नवम्बर को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, क्योंकि ये छुट्टी का दिन नहीं, जिम्मेदारी का दिन है। सजग नागरिक होने का दिन है।

## व्यापारियों द्वारा समई लगाकर दीप उत्सव का शुभारंभ

**इंदौर।** श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव मार्केट एसोसिएशन की 100 वर्ष पुरानी परंपरा को व्यापारियों द्वारा आज भी निभाई जा रही है। व्यापारियों द्वारा अपनी दुकान पर समई (पिलसोद) लगाकर दीप उत्सव का शुभारंभ किया गया। यह परंपरा भाई दूज तक निभाई जाती हैआज धनतेरस के अवसर व्यापारियों द्वारा प्रातः गादी पूजन भी किया गया स्वास्तिक बनाने के साथ, कुंकु, हल्दी, चावल चढ़ाया गया। गिरीश काबरा ,अरुण बाकलीवाल, धीरज कुंडल, हर्ष पंजाबी, हरीश गुरुनानी ने अपनी दुकानों पर परंपरा को कायम रखा ।

## युगवीर गौसर को स्वर्णिम सफलता

इंदौर। कल फोल्क मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर पर संभाग स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें +45 किलो वजन समूह में राष्ट्रीय खिलाड़ी युगवीर गौसर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया युगवीर सेंट अर्नाल्ड स्कूल लाला राम नगर में कक्षा 5 वी के छात्र हैं और कुराश का प्रशिक्षण श्री राम जिम्नेशियम क्रमांक 4 में राष्ट्रीय कोच महेश पुरोहित से प्राप्त कर रहे हैं।

## इकतीस सौ दीपों से जगमगा उठा हंसदास मठ का महालक्ष्मी मंदिर

इंदौर। एयरपोर्ट रोड पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर आज धन तेरस के उपलक्ष्य में मठ परिसर में 3100 दीपों से सजावट कर दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ। मठ के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज ने सभी देवालयों में पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए। मठ के पं. पवनदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर रामलला के दरबार सहित भगवान टीकमजी, रणछोड़जी तथा मठ स्थित प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर एवं अन्य सभी देवालयों को दीपों से जगमगाया गया है। सम्पूर्ण परिसर में आकर्षक रोशनी कर हंसदास विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों द्वारा दीप आराधना भी की गई । इसके साथ ही दीपावली, उसके बाद गोवर्धन पूजा, भाई दूज पर भी आकर्षक रोशनी एवं पुष्प सज्जा की जाएगी। बड़ी संख्या में भक्तों ने भी आज शाम मंदिर आकर दीप मालिकाएं सजाई। यह सिलसिला पूरे छह दिनों तक चलेगा।

## कटाक्ष




## पाँच विशेष स्कूलों में आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों को मूर्त रूप दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इनरव्हील क्लब ऑफ इंदौर अपटाउन 304 टीम 2023 24 ने स्वास्थ्य, स्वावलंबन और परोपकार का मंत्र लिये 123 दिन में 65 प्रकल्प निष्पादित किये। सदस्यायों की सूची में प्रगतिशील वृद्धि व उनके सहयोग का साधुवाद एवं संसाधन व्यक्तियों के प्रयासों की भी सराहना करते हैं। विगत चार महिनों में गोद लिये गये तीन स्कूल, एक वृद्धाश्रम, एक गांव एवं चिन्हित किये पाँच विशेष स्कूलों में आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों को मूर्त रूप दिया। स्कूलों में शिक्षण सामग्री, दत्तक ग्रहण केंद्र एवं वृद्धाश्रम में खाद्यान्न, व अन्य जरूरत की वस्तुएं दी गईं।पर्यावरण संरक्षण हेतू 10 किलो वॉट बिजली पैदा करने वाला एक सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाया गया एवं जल संचयन संयंत्र लगवाने की प्रक्रिया जारी है। गांव की महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं को स्वालंबी बनाने हेतू 12 साइकल, रोजगार के साधन जैसे सिलाई मशीन आदि दिये गये, आत्मरक्षा और स्वास्थ्य चेतना जैसे कार्यशाला करवाये गये। विपरीत परिस्थिति में यदि आपको सहायता की आवश्यकता हो या आप सहायता करना चाहते हैं तो कृपया इनरव्हील क्लब इंदौर अपटाउन 304 की अध्यक्षा डॉ तपती रॉय यादव द्वारा यह जानकारी दी गई।

## पटाखों का आनंद लेते वक्त रखें आँखों का खास खयाल : डॉ. अग्रवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने लोगों, विशेषकर बच्चों से दिवाली के दौरान पटाखे जलाते समय सावधानी रखने का आग्रह किया है। रोहित आई हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ओ. पी. अग्रवाल ने कहा कि दीवाली पर पटाखे फोड़ने, आतिशबाजी देखने का मजा पूरे साल के इन्तजार के बाद आता है, परन्तु असावधानियों के चलते कई सारी दुर्घटनाएं भी होती हैं, जो बचे हुए पूरे जीवन का मजा खराब कर देती हैं। रेटिना स्पेशलिस्ट डॉ. रोहित अग्रवाल के अनुसार पटाखों से डरने का कोई कारण नहीं है, यदि सावधानी से पटाखे जलाए जाएँ तो दुर्घटनाओं की संभावनाएं ना के बराबर होती हैं. बड़ों की मौजूदगी में पूरी सावधानी रखने के बावजूद भी यदि कोई हादसा हो जाता है तो सबसे पहले उसका आकलन करना जरूरी है, सामान्य मामलों में प्राथमिक उपचार घर पर ही दिया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकतर मामले सामान्य होते हैं, जिनमें प्राथमिक उपचार के लिए साफ पानी के छींटे मारकर आंख को अच्छी तरह से धोया जाना चाहिए। एक चौड़े मुंह के बाउल को पानी से भरकर आंख के करीब लाकर बार-बार पलकें झपकाना चाहिए, ऐसा करने से बाहरी कणों को पानी के साथ बहने का मौका मिल जाता है और तुरंत राहत मिल सकती है।

## ◆ एक दिया पुरखों के नाम हर मुक्ति धाम पर आज शाम लगाएँगे

**इंदौर।** संस्था आनंद गोष्ठी के संरक्षक गोविन्द मालू ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस 13 वें वर्ष भी नरक चतुर्दशी की संध्या पर संस्था के कार्यकतार्ओं और पदाधिकारियों द्वारा इंदौर शहर के हर श्मशान घाट (मुक्तिधाम) के मुख्यद्वार पर पुरखों के नाम दीपक लगाए जाएँगे तथा रंगबिरंगी रांगोली का आसन सजाकर उनका पुण्य स्मरण कर उनसे राष्ट्र की सुख समृद्धि सौभाग्य का आशीर्वाद व कृपा की आकांक्षा कर,व अपनी त्रुटियों का प्रायश्चित व क्षमायाचना की जाएगी मुख्य कार्यक्रम 11 नवम्बर (शनिवार) को सायं 5 :30 बजे जुनी इंदौर मुक्तिधाम पर संस्था के संरक्षक श्री गोविन्द मालू के नेतृत्व में होगा।

# दो महिलाएं पकड़ाई, एक से गांजा तो दूसरी से स्मैक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली दो महिला तस्करों को, पुलिस थाना चंदन नगर ने गिरफ्त में लिया है। में एक महिला आरोपी को अवैध गांजे के साथ तथा एक अन्य महिला आरोपी को स्मैक बेचते हुए पकड़ा।**

पुलिस थाना चंदन नगर की टीम को क्षेत्र में एक महिला तस्कर द्वारा अवैध गांजे की गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना मुखबिर के माध्यम से मिली। जिस पर टीम द्वारा आरोपिया महिला को 450 ग्राम अवैध गांजें के साथ पकड़ा गया। आरोपिया के विरुद्ध अपराध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिससे अवैध मादक पदार्थ के स्त्रोत आदि के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में थाना चंदन नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला जो राजनगर क्षेत्र की रहने वाली है स्कीम नंबर 71 पानी की टंकी के पास स्मैक की पुड़िया लेकर बेचे खड़ी है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कीम नंबर 71 पानी की टंकी के पास खड़ी संदिग्ध महिला से पूछताछ कर तलाशी ली तो महिला के पास से एक थैली मिली जिसमें 06.80 ग्राम कीमत करीबन 40 हजार रुपये का स्मैक मिलीं, जिसे पुलिस ने विधिवत जप्त कर महिला के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत कार्यवाही करते हुए महिला को गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा दोनों महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा उनसे अवैध मादक पदार्थों के स्त्रोत आदि के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक इंद्रमणि पटेल के मार्गदर्शन में, उनि संध्या श्रीवास्तव, उनि अंजना सिंह परमार, प्रधान आरक्षक अभिषेक , प्रधान आरक्षक मुकेश मारू, आरक्षक जोगेश लश्करी, आरक्षक कैलाश एवं सुनील सोनी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

# युवती को बाइक सवार बदमाशों ने लूटा

### युवती को बाइक सवार बदमाशों ने लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाइक सवार बदमाशों ने रात तीन बजे एक युवती को लूट लिया। घटना एलआइजी और विजय नगर थाने के बीच हुई। वह दोस्तों का इंतजार कर रही थी, इसी दौरान बदमाशों ने झपट्टा मारकर मोबाइल फोन छीन लिया। विजय नगर थाना पुलिस को सीसीटीवी फुटेज तो मिले हैं, लेकिन आरोपित अभी तक फरार हैं। आदर्श कालोनी सूकीसिम नियालामाखेड़ा शामपुर भोपाल निवासी 25 वर्षीय फरियादी नौशिन अली बहादुर इवेंट्स संबंधित काम करती है। वह एसबीएल होटल में ठहरी हुई थी। बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात करीब 3 बजे एक फेयरवेल पार्टी से होटल की तरफ जा रही थी। नौशिन मालवीय नगर चौराहे पर रुकी थी। वह अपने दोस्तों के आने का इंतजार कर रही थी। अचानक बाइक सवार तीन बदमाश आए और नौशिन का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। नाइट कल्चर के कारण जोन-2 के एडिशनल डीसीपी ने क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। एलआइजी और विजय नगर चौराहा पर पुलिस बल तैनात था। इसके बाद भी दोनों थानों के मध्य लूट की वारदात कर अपराधी फरार हो गए।

# डबल मर्डर के आरोपी की हरदा में तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पिता और बहन की हत्या कर भागे आरोपित का चौथे दिन शुक्रवार को भी सुराग नहीं लगा। पुलिस रिश्तेदारों के भरोसे है। उस एटीएम से फुटेज निकाले हैं, जिससे रुपये निकाले गए थे। हालांकि, पुलिस को इससे ज्यादा सफलता नहीं मिली है। शुक्रवार की एक टीम हरदा भेजी गई है।**

संयोगितागंज एसीपी तुषार सिंह के मुताबिक, 76 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर कमल किशोर धामंदे और उनकी बेटी रमा की बेटे पुलिन ने मूसली से हत्या कर दी थी। मानसिक रोगी पुलिन ने मंगलवार और बुधवार को सपना संगीता क्षेत्र स्थित एटीएम से रुपये निकाले थे। पुलिस ने एक जगह से उसके सीसीटीवी फुटेज निकाल लिए हैं। हालांकि, मोबाइल न रखने के कारण उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। पुलिन के पास लाल रंग का स्कूटर है। स्वजन ने बताया कि पुलिन पिता और बहन की हत्या करने के बाद सिलिकान सिटी में मां किरण के पास गया था। दरवाजा न खोलने के कारण वह लौट गया। दो हत्या कर चुका पुलिन मां को भी मार सकता था। उधर, स्वजन ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से दोस्ती नहीं थी। वह अकेला और गुमसुम रहता था। हरदा में रहने वाली नानी से उसे लगाव था। एक टीम हरदा भी भेजी गई है।

**उपभोक्ता फोरम**

# होम लोन देते समय किया बीमा, मौत के बाद नहीं चुकाई राशि, ब्याज सहित पूरा लोन चुकाने के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बैंक से होम लोन लेते समय किए जाने वाले कर्जदार के इंश्योरेंस के मामले में उपभोक्ता फोरम ने अहम आदेश दिया है। कर्ज लेने वाले व्यक्ति की मौत होने के बाद बीमा कंपनी द्वारा कर्ज की राशि नहीं चुकाने पर कोर्ट ने फटकार लगाई है। साथ ही पूरा लोन चुकाने के आदेश दिए हैं। कर्जदार की मौत के बाद उसकी पत्नी द्वारा चुकाई गई किस्तों की राशि भी ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं।**

महिला को हुए मानसिक कष्ट के लिए बीमा कंपनी को 25 हजार रुपए चुकाना होंगे। परिवाद शुल्क के 5 हजार रुपए भी कंपनी को ही देना होंगे। अमूमन ऐसा देखा जाता है कि बैंक लोन देते समय कर्जदार की सुरक्षा के लिए तमाम दावे करते हैं, लेकिन बाद में सुविधा नहीं मिलती है। फोरम के आदेश से ऐसे कई लोगों को राहत मिलेगी।

### निजी बैंक से लिया था लोन

एडवोकेट अपूर्व जैन ने बताया, महेश गार्ड क्षेत्र में रहने वाले राधाकृष्ण मिश्रा ने 14 लाख रुपए का होम लोन निजी बैंक से लिया था। लोन लेते समय उनका इंश्योरेंस किया गया था। इसके तहत यदि लोन चुकाने की अवधि के दौरान उनकी मौत हो जाती है तो बीमा कंपनी पूरा लोन चुकाएगी। अक्टूबर 2020 में लोन लिया गया। नियमित रूप से किस्तें भी चुका रहे थे। 16 दिसंबर 2021 को एक्सीडेंट में उनकी मौत हो गई थी। बाद में उनकी पत्नी रीता मिश्रा ने बीमा कंपनी को पूरा लोन चुकाने को लेकर अभ्यावेदन दिया, लेकिन कंपनी ने उनकी मांग खारिज कर दी।

### कंपनी का तर्क- खुदकुशी की

कंपनी का तर्क था राधाकृष्ण मिश्रा की मौत एक्सीडेंट से नहीं हुई, बल्कि उन्होंने खुदखुशी की। पुलिस रिपोर्ट सहित अन्य जांच पेश करने के बाद भी कंपनी ने लोन राशि चुकाने से इनकार कर दिया। इस पर रीता मिश्रा ने उपभोक्ता फोरम में केस दायर किया था। फोरम के समक्ष पेश किए गए सबूत और दस्तावेज के आधार पर कोर्ट ने रीता मिश्रा के पक्ष में फैसला दिया है। बीमा कंपनी को पूरा लोन चुकाने के आदेश देने के अलावा पति की मौत के बाद रीता द्वारा चुकाई गई बैंक लोन की किस्त की राशि ब्याज सहित लौटाने के भी आदेश दिए हैं। एक महीने में आदेश का पालन करना होगा।

# प्रॉपर्टी कारोबारी की हत्या में तांत्रिक की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज इलाके में एक प्रॉपर्टी कारोबारी को मौत के घाट उतार दिया गया है। वह खुड़ैल का रहने वाला था। घरवालों से जमीन के सौदे की बात कह कर निकला था। बाद में डीकंपोज्ड लाश मिली है। मामले में पुलिस को तांत्रिक और उसके साथियों की तलाश है। किशनगंज थाना इलाके में करीब सप्ताह भर पहले पातालपानी नाहार खोदरा के नजदीक जितेंद्र डाबर के खेत के पास एक शव मिला था। वह गड्ढे में पड़ा था। ऊपर पत्तों से ढंका हुआ था। गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा तो पुलिस को खबर की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और पूरे जिले में प्रसारण करवाया। इसी बीच खुडैल में रहने वाला एक परिवार किशनगंज पुलिस के पास पहुंचा। उनके परिवार का युवक रामसुमिरन पाल उर्फ सुनील पाल पिता छेदीलाल पाल मूल निवासी उत्तरप्रदेश रायबरेली हाल मुकाम आनंद धाम कॉलोनी देव गुराडिया लापता है। उसकी गुमशुदगी भी उसकी पत्नी ने खुडैल थाने में दर्ज करवाई थी। लाश बुरी तरह से खराब हो गई थी, पहचानना मुश्किल हो रहा था।

### शरीर में डली राड से हुई पहचान

रामसुमिरन के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि उसका एक बड़ा ऑपरेशन हुआ था। उसके शरीर में एक राड डली है। पुलिस ने जब मिली हुई लाश का पोस्टमार्टम करवाया तो शरीर में से रोड निकली। इससे यह पहचान हुई कि शव राम सुमिरन का ही है। उसकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि 27 तारीख को वह घर से निकला था, यह कह कर गया था कि एक जमीन के सौदे के लिए राऊ तक जा रहा है। बाद में घर नहीं आया। 2 दिन बाद बताया कि वह एक प्रॉपर्टी के सौदे के लिए फरीदाबाद जा रहा है, लेकिन फिर नहीं लौटा और फोन भी बंद हो गया। इसके बाद पत्नी ने गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

### लाश के पास मिला लाल कपड़ा और अगरबत्ती

इधर जिस जगह शव मिला है, वहीं पर पुलिस को लाल कपड़ा अगरबत्ती और कुछ सिंदूर मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की बात सामने आई है। तंत्र क्रिया कर राम सुमिरन को मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस ने उसके कॉल डिटेल निकाली इस आधार पर संदेही तांत्रिक का पता पुलिस को लगा। अब उसकी तलाश की जा रही है। अफसरों का कहना है आरोपी के पकड़ाने के बाद हत्या की वजह साफ हो पाएगी।

## नाबालिग सहित दो चोर पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पंढरीनाथ पुलिस ने कारोबारी की गाड़ी से बैग चुराने वाले बदमाश को 24 घंटे में पकड़ लिया है। उनसे चोरी के और भी मामले का खुलासा हुआ है। पंढरीनाथ थाने में 2 दिन पहले फरियादी ओमप्रकाश पिता कन्हैया लाल बजाज निवासी काटजू कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी वह दवाई लेने के लिए एक मेडिकल स्टोर पर गए थे। उनका बैग उनकी गाड़ी पर रखा था तभी बदमाश बैग चुरा ले गए थे। फरियादी ने एक संदेही का नाम भी पुलिस को बताया था। इस आधार पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की और आरोपी रोहित यादव पिता रमेश यादव निवासी नंद बाग और एक बाल अपराधी को पकड़ा। उनसे चुराया हुआ बैग जप्त किया है। जिस गाड़ी से वह वारदात को अंजाम देने आए थे वह भी जब्त कर ली है।

# विदेशी सोना और सिगरेट के साथ इंदौर एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश का यात्री गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विदेशी सोने की तस्करी का एक और मामला इंदौर एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। कस्टम विभाग की टीम ने दुबई से आ रहे यात्री के पास से सोने के साथ विदेशी सिगरेट भी बरामद की है। 111.50 ग्राम सोने के साथ ही साढ़े तीन हजार से ज्यादा सिगरेट (स्टिक) लेकर इंदौर एयरपोर्ट पर उतरा यात्रा मूलतः उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले का रहने वाला है। सप्ताहभर के भीतर ही यह दूसरा मामला है, जब सोने की तस्करी करते हुए किसी को पकड़ा है। दोनों ही यात्रा उप्र के रहने वाले हैं।

कस्टम विभाग की टीम को एयर इंटेलीजेंस यूनिट की ओर से सूचना मिली थी। उसके बाद गुरुवार शाम दुबई से एयर इंडिया की उड़ान में इंदौर पहुंचे एक यात्री को एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने रोककर तलाशी ली। पेंट की जिप के भीतर उसने 111.50 ग्राम सोना छुपाया था। प्लास्टिक की पतली पट्टीनुमा संरचना के भीतर सोने को पेस्ट के रूप में बदलकर रखा गया था। तीन दिन पहले भी एक यात्री को इसी तरह पेस्ट में बदलकर सोने की तस्करी करते पकड़ा था। कल पकड़े गए यात्री के बैग की तलाशी ली तो उसमें विदेशी सिगरेट भी बरामद हुई। कस्टम विभाग के अनुसार कुल 3840 सिगरेट मिली। ये सिगरेट इंडोनेशिया की थी। बरामद किए गए सोने का मूल्य छह लाख 250 रुपये आंका गया। यात्री से बरामद सोना और सिगरेट जब्त कर कस्टम एक्ट के कानूनों में कार्रवाई की जा रही है।

### गिरफ्तारी के बाद लिखी लूट की रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर पुलिस ने गुरुवार रात पिपरिया रोड़ जबलपुर निवासी श्रीकांत वर्मा की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज किया।

### दिग्विजय सिंह का भाजपा पर हमला:फतेहगढ़ में बोले-

# भाजपा ने आदिवासियों को दी पेशाब, कांग्रेस ने दी योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शुक्रवार को गुना पहुंचे। यहां बमोरी विधानसभा के फतेहगढ़ में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आमसभा ली। उन्होंने कहा कि आपने 2018 में कांग्रेस को जिताया। महेंद्र सिंह सिसौदिया को जिताया। सरकार बनने पर उन्हें कमलनाथजी ने सिंधियाजी की सिफारिश पर मंत्री बनाया लेकिन न जाने क्या क्या लेकर मंत्री ने सरकार गिरवा दी। दिग्विजय सिंह ने महेंद्र सिंह सिसोदिया के विभाग और पूरी भाजपा सरकार पर जमकर भ्रष्टाचार करने का आरोप भी लगाया।**



आमसभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि 2003 से लगातार भाजपा की सरकार है। हम लोगों ने 1993 से 2003 के बीच में जब कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, तो अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों को अधिकार दिए।

आदिवासियों को लेकर कांग्रेस और भाजपा के रवैये में अंतर बताते हुए दिग्विजय ने पेशाब काण्ड का जिक्र किया। पूर्व सीएम ने दावा किया कि मनमोहन सरकार ने आदिवासी, सहरिया महिलाओं को हर महीने पैसे देने की योजना लागू की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उनके खातों में पैसे ही नहीं डाले। बमौरी क्षेत्र में खेरूआ आदिवासियों के प्रमाण पत्र नहीं बनने का मुद्दा भी दिग्विजय सिंह ने उठाया। किसानों का जिक्र करते हुए दिग्विजय ने बताया कि इस समय किसानों को खाद और बिजली नहीं मिल रही है। खाद की जमकर कालाबाजारी की जा रही है। कांग्रेस की सरकार आई तो महंगाई से राहत भी दिलाई जाएगी। दिग्विजय ने वादा किया कि कांग्रेस 120 से ज्यादा सीटें जीत रही है और सरकार बनने पर वचन पत्र का एक-एक वादा पूरा किया जाएगा।

दिग्विजय सिंह ने चुनावी वादों का उल्लेख करते हुए फतेहगढ़ में बड़ा ऐलान किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर पट्टाविहीन लोगों को जमीन दी जाएगी।

### विजयवर्गीय ने किया रोड शो

# नुक्कड़ सभा में कहा- 150 से अधिक सीटें जीतेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर -मालवा।** विधानसभा चुनाव 2023 के लिए स्टार प्रचारक अब अंचल में प्रचार के लिए पहुंच रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय शुक्रवार को आगर मालवा विधानसभा के कानड़ पहुंचे। इससे पहले विजयवर्गीय का आगर जिला मुख्यालय पर बने हेलीपैड पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।

कैलाश विजयवर्गीय ने कानड़ नगर के प्रमुख मार्गों से एक रोड शो किया। रास्ते भर में बने स्वागत मंच से उनका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रोड शो के बाद कानड़ के बसस्टैंड मार्ग पर भाजपा प्रत्याशी मधु गहलोत के पक्ष में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया गया।

#### कानड़ को तहसील बनाएंगे

विजयवर्गीय ने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कानड़ को तहसील बनाने का वादा किया साथ ही कहा कि स्वास्थ सेवाओं में इजाफा किया जाएगा और इंफ्रास्ट्रक्चर के अंतर्गत विकास किया जाएगा। विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश में भाजपा की 150 से अधिक सीटों पर जीत का दावा किया है। इस दौरान कैलाश विजयवर्गीय के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामणि राठौर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सकलेचा, भाजपा प्रत्याशी मधु गहलोत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भोपाल उत्तर सीट पर रोचक मुकाबला, सिंधिया ने बांधा समां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल में सात विधानसभा सीट हैं। इनमें सबसे रोचक और कड़ा मुकाबला पुराने भोपाल उत्तर विधानसभा सीट पर देखने को मिल रहा है। भाजपा ने यहां पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सीएम के बाद सिंधिया ने यहां भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के लिए रोड शो किया। इस सीट पर हिंदू मुस्लिम का सीधा गणित देखने को मिलता है। कांग्रेस यहां बीते कई चुनाव से बढ़त बनाए हुए है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार की शाम भोपाल की उत्तर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के पक्ष में रोड शो किया।**



करीब तीन किलोमीटर के इस रोड शो में सिंधिया ने हिंदू वोटरों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में दर्शन किए और इसके बाद में रोडशो के लिए निकले। सिंधिया के इस रोड में महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लाडली बहनों का आशीर्वाद उनकी पार्टी और प्रत्याशी को मिलेगा। इसके पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उत्तर विधानसभा सीट पर रोड शो कर चुके हैं। उन्होंने अपने प्रचार की शुरुआत यहीं से की थी। बता दें उत्तर विधानसभा सीट पर सीधे तौर पर हिंदू मुस्लिम समीकरण देखने को मिलता है। यहां पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या हिंदू वोटरों की तुलना में करीब 16 हजार अधिक है। ऐसे में भाजपा का पूरा ध्यान हिंदू मतदाताओं को एकजुट करने में है। भाजपा का प्रचार भी इसी बात को ध्यान में रखते हुए किए जा रहा है। शर्मा ऐसे इलाकों में अपना पूरा दम लगा रहे हैं, जहां हिंदू अधिक संख्या में रहते हैं। वे यहां पर कभी त्रिशूल तो कभी हनुमान का गदा लेकर प्रचार कर रहे हैं। इसके साथ ही दूसरी ओर कांग्रेस से दो बागी प्रत्याशी आमिर अकील और नसीर इस्लाम के मैदान में होने से यहां त्रिकोणीय मुकाबला बनता नजर आ रहा है।

## बच्चे कर रहे चुनाव प्रचार,आयोग से शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जे.पी. धनोपिया ने चुनाव आयोग को सौंपी अलग-अलग शिकायतों में कहा है कि सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी हरदीप डंग द्वारा चुनाव प्रचार में बच्चों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं उज्जैन के तराना विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी ताराचंद गोयल और उदयपुरा के भाजपा के प्रत्याशी नरेन्द्र पटेल द्वारा चुनाव प्रचार में बच्चों का उपयोग किया जा रहा है। चूंकि चुनाव के दौरान बच्चों को प्रचार कार्य में लगाया जाना प्रतिबंधित और अपराध की श्रेणी में आता है। धनोपिया ने चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए कहा कि उक्त भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाये, ताकि मप्र में विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपन्न हो सके।

### मंडला में सीएम शिवराज सिंह ने कहा

# राहुल गांधी मिस-गाइडेड मिसाइल और कमलनाथ उद्योगपति सेठ

**मंडला। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंडला से भाजपा प्रत्याशी संपतिया उइके के समर्थन में चुनावी जन सभा को संबोधित करने शुक्रवार को इंद्री पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी को जमकर आड़े हाथों लिया।**



मुख्यमंत्री ने राहुल को मिस गाइडेड मिसाइल और कमलनाथ को उद्योगपति सेठ कह कर संबोधित किया। जनसभा के बाद मुख्यमंत्री बालाघाट जिले के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल बाबा आज मध्यप्रदेश आये हो तुम तो दोहरे चरित्र वाले हो। तुमने किसानों से कर्ज माफ करने के लिए कहा लेकिन उन्हें तुमने डिफॉल्टर बना दिया। तुम दिल्ली में बैठ कर उद्योगपतियों को गाली देते हो और यहां तुमने उद्योगपति सेठ कमलनाथ को मुख्यमंत्री का फेस बना दिया। सीएम शिवराज ने जनसभा में अपनी सरकार के काम गिनाए और लोगों से भाजपा प्रत्याशी संपतिया उइके के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं आम लोग उपस्थित रहे।

## आप प्रत्याशी को धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल के उत्तर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद सऊद को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्रत्याशी को जान से मारने की धमकी मिलने पर सऊद ने कहा हम धमकियों से डरने वालों में से नहीं है। हम आम आदमी पार्टी के सिपाही हैं। भाजपा और कांग्रेस के लोगों को अब हार का डर सता रहा है। इसलिए अब धमकियां दी जा रही हैं। जनता के लिए वे हमेशा खड़ा है। जहां जनता का पसीना बहेगा मैं अपना खून बहाऊंगा। जनता ने मौका दिया तो भोपाल उत्तर की सारी परेशानी दूर करेंगे।

# पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सख्ती से पालन करें

### एनजीटी यानि राष्ट्रीय हरित अधिकरण का महत्वपूर्ण निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी ने पटाखों को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के का महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। एनजीटी के न्यायिक सदस्य शिव कुमार सिंह व एक्सपर्ट मेम्बर डा. ए सेंथिल वेल की युगलपीठ ने यह जिम्मेदारी राज्य शासन को सौंपी है। इसके तहत पर्यावरण और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण सुनिश्चित करने पर बल दिया गया है।

#### मप्र शासन ने पटाखों की जांच करने के निर्देश दिए थे

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर, 2021 को बेरियम साल्ट से बने पटाखों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का आदेश पारित किया था। जिसके पालन में मप्र शासन ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पटाखा विक्रेताओं से अंडरटेकिंग लेने



व पटाखों की जांच करने के निर्देश दिए थे। लेकिन विगत दो वर्ष से इन आदेशों का पालन नहीं होने से अवमानना याचिका दायर की गई थी। अपील भी पेश की गई।

#### एडिशनल डीसीपी हाजिर हुए

सुनवाई के दौरान एडिशनल डीसीपी भोपाल महावीर सिंह मुंजालदे हाजिर हुए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में शासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। एनजीटी ने भी दो वर्ष पूर्व अपने आदेश में साफ किया था कि माडरेट श्रेणी की वायु गुणवत्ता वाले शहरों में महज दो घंटे ग्रीन पटाखे फोड़े जा सकते हैं। जिला दंडाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना था, लेकिन वे दो वर्ष से अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर पाए हैं।

Uttarpradesh

# धर्मनगरी में दीपोत्सव आज, 24.60 लाख दीये जलाकर बनेगा विश्व रिकॉर्ड, सीएम योगी करेंगे राम का राजतिलक

**अयोध्या**। दीपोत्सव के लिए अयोध्या रोशनी से नहा उठी है। ऐसी सजावट हुई है कि मानो देवलोक पृथ्वी पर उतर आया हो। चमचमाती सड़कें, एक रंग में रंगे भवन और आकर्षक लाइटिंग के साथ रामकथा आधारित 15 तोरणद्वार और कई स्वागत द्वार अयोध्या की शोभा बढ़ा रहे हैं। शनिवार को दीपोत्सव में 21 लाख दीप केवल राम की पैड़ी पर जलाने की तैयारी है जोकि एक विश्व रिकॉर्ड भी साबित होगा। इस रिकॉर्ड को हासिल करने के लिए 3 लाख 60 हजार दिये अतिरिक्त भी जलाएं जाएंगे ताकि दीपमाला अनवरत रहे।

शनिवार को शाम होते ही जैसे ही रामलला के दरबार में पहला दीप जलेगा, पूरी अयोध्या जगमग हो उठेगी। भगवान श्रीराम पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से अयोध्या पधारेंगे। सीएम योगी व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल



उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद सीएम योगी वशिष्ठ की भूमिका में श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इस आयोजन का साक्षी बनने के लिए रामकथा पार्क में करीब पांच हजार अतिथि मौजूद रहेंगे। इस बार सरयू पुल पर ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी 20 मिनट तक होगी। इस पर करीब 80 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथि सरयू तट से आतिशबाजी निहारेंगे। अगर रामनगरी के निवासियों के उल्लास की बात करें तो लंका विजय के बाद श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में उन्होंने उसी तर्ज पर अपने घरों को सजाया है जैसा त्रेता युग में सजावट की गई थी। घरों व दुकानों की दरों-दीवारों पर रामकथा व शुभता के प्रतीकों को चित्रित किया है।

हनुमान जयंती के मौके पर रामनगरी शनिवार को फिर से इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। राम की पैड़ी के 51 घाटों पर दीपमालिकाएं सज गई हैं। 24.60 लाख दीये बिछाए जा चुके हैं।

Maharashtra

## मुंबई को भी दिल्ली ना बनाओ, हाई कोर्ट ने घटा दिया पटाखे फोड़ने का समय

**मुंबई। बारिश के बाद दिल्ली वालों को प्रदूषण से राहत मिली है। हालांकि रिपोर्ट्र्स में कहा जा रहा है कि दिवाली के बाद एक बार फिर प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। इस बार राजधानी दिल्ली के साथ ही मुंबई में भी प्रदूषण ने लोगों को परेशान कर दिया। इसी को देखते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी करते हुए दिवाली पर पटाखे जलाने का समय तीन से घटाकर दो घंटे कर दिया। जस्टि डीके उपाध्याय ने कहा, इसे मुंबई ही रहने दीजिए, दिल्ली ना बनने दीजिए। बता दें कि मुंबई में भी कुछ जगहों पर वायु की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर में पहुंच गई है।**

जस्टिस आरिफ डॉक्टर और डीके उपाध्याय की बेंच ने वायु प्रदूषण की हालत को देखते हुए दिवाली पर पटाखे फोड़ने के समय में कटौती कर दी। कोर्ट ने कहा कि शहर में वायु की गुणवत्ता सुधारने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। कोर्ट ने पहले शाम को 7 बजे से रात 10 बजे तक पटाखे फोड़ने की इजाजत दी थी लेकिन इसमें सुधार करते हुए इसे 8 बजे से 10 बजे तक कर दिया गया। वहीं स्थिति को देखते हुए कोर्ट ने अपने 6 नवंबर के फैसले को बरकरार रखते हए कचरा और मलबा ले जाने वाले वाहनों पर रोक जारी रखी है।

Odisha

## बाइक और SUV से आए 10 नकाबपोश कैश वैन रोकी...हथियार ताने और ले उड़े 1.73 करोड़

**भुवनेश्वर**. ओडिशा में एटीएम कैश वैन से करोड़ों की लूट का मामला सामने आया है. पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि नकाबपोश बदमाशों ने कटक जिले में एक एटीएम कैश वैन से 1.73 करोड़ रुपये लूट लिए. यह घटना जिले के आठगड़ इलाके में गोदीझरिया रोड पर हुई. पुलिस के मुताबिक, एसयूवी और मोटरसाइकिलों सवार करीब 10 हथियारबंद लोगों ने कैश वैन को रोका और लूटपाट की. कैश वैन के सुरक्षा गार्ड रंजन कुमार देहुरी ने पुलिस को बताया, 'हम गोदीझरिया में एक एटीएम मशीन में नकदी डालने के बाद लौट रहे थे, तभी एक एसयूवी हमारे सामने रुकी. पिस्तौल और धारदार हथियार लेकर 8 से 10 नकाबपोश लोगों ने हमें धमकाया और मेरी राइफल छीन ली. फिर वे नकदी से भरा ट्रंक लेकर मौके से फरार हो गए.'

Rajasthan

## एसआई पर चार साल की मासूम से दुष्कर्म करने का आरोप, भाजपा ने गहलोत सरकार पर बोला हमला

**दौसा**। राजस्थान के दौसा जिले के लालसोट में एक चार की मासूम के साथ सब इंस्पेक्टर (SI) ने दुष्कर्म कर दिया। पीड़िता ने घटना की जानकारी मां को दी तो बच्ची का पिता केस दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा। यहां पुलिसकर्मियों ने उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे उसका हाथ टूट गया। मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर भाजपा गहलोत सरकार पर हमलावर हो गई है।

घटना लालसोट के राहुवास थाना इलाके की हैं। यहां रहने वाले एक पिता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि शुक्रवार सुबह वह नाइट ड्यूटी कर गांव वापस आया था। दोपहर में वह सो रहा था। उसकी चार साल की बेटी और पत्नी घर में थी। इस दौरान घर के बाहर खेल रही बच्ची को सब इंस्पेक्टर भूपेंद्र सिंह (54) बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची मां के पास पहुंची और रोते हुए घटना की जानकारी दी। आरोपी एसआई ने मासूम को 50 रुपये भी दिए थे। बेटी के कहने पर मां ने कपड़े देखे तो उसे दुष्कर्म का पता चला। उसने घटना की जानकारी अपने पति को दी। पीड़िता का पिता शिकायत करने के लिए थाने पहुंचा तो एएसआई छोटेलाल और कांस्टेबल टीकाराम ने उसके साथ मारपीट कर दी।

खेल

# हार के विश्व कप में अफगानिस्तान का सफर खत्म दक्षिण अफ्रीका का दूसरा सेमीफाइनल खेलना तय

**अहमदाबाद। वनडे विश्व कप 2023 के 42वें मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगान टीम ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 244 रन बनाए थे। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 47.3 ओवर में पांच विकेट खोकर 247 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। इस हार के साथ ही वनडे विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान का सफर खत्म हो गया। हालांकि, अफगान टीम ने इस टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। इस मैच में भी अफगानिस्तान की टीम लड़कर ही हारी।**




दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। अब उसका दूसरे सेमीफाइनल में खेलना तय है। पिछले मुकाबले में भारत के खिलाफ हार के बाद यह टीम फिर से जीत की पटरी पर लौट चुकी है। अहम बात यह है कि अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की है। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अफगानिस्तान को यह मैच 438 रन से जीतना था। ऐसे में यह टीम पहले ही सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी थी।

अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 97 रन अजमतुल्लाह ओमरजई ने बनाए। रहमत शाह और नूर अहमद ने 26-26 रन का योगदान दिया। रहमनुल्लाह गुरबाज ने 25 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने चार विकेट लिए। लुंगी एनगिडी और केशव महाराज को दो-दो विकेट मिले। फेहलुकवायो ने एक विकेट झटका। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के लिए डुसेन 95 गेंद में 76 रन बनाकर नाबाद रहे। फेहलुकवायो ने 37 गेंद में नाबाद 39 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने 41 रन का योगदान दिया। अफगानिस्तान के लिए नबी और राशिद ने दो-दो विकेट लिए। मुजीब को एक विकेट मिला।

हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी को चुना। रहमानुल्लाह गुरबाज (25) और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाने वाले इब्राहिम जादरान (15) ने 41 रन की साझेदारी के साथ अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन केशव महाराज ने अपनी पहली ही गेंद पर गुरबाज को आउट कर दिया। अगले ही ओवर में कोएट्जी ने जादरान को विदा कर दिया। महाराज ने कप्तान शाहिदी (2) को भी जल्द विदा कर स्कोर 3 विकेट पर 45 रन कर दिया। यहां रहमत शाह (26) और अजमतुल्लाह ओमरजई ने 49 रन की साझेदारी कर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन अफगान बल्लेबाज बिखर गए। स्कोर छह विकेट पर 116 रन हो गया।

सिनेमा

# रश्मिका मंदाना के Deepfake वीडियो मामले में एक्शन में पुलिस, FIR दर्ज



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के Deepfake वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है. इस मामले में दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को भी नोटिस भेजा था.

10 नवंबर यानी शुक्रवार को रश्मिका मंदाना के डीपफेक एआई-जनरेटेड वीडियो मामले में IPC 1860 की धारा 465 और 469, IT अधिनियम, 2000 की धारा 66सी और 66ई के तहत दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल पुलिस थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस का कहना है कि उन्होंने मामले में टीम गठित करके इसकी जांच शुरू कर दी है.

इससे पहले दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस भेजकर आरोपियों के खिलाफ जांच की मांग की थी. इसके साथ उन्होंने रश्मिका को लेकर चिंता भी जाहिर की थी. महिला आयोग का कहना है कि उन्हें पता चला कि किसी ने एक्ट्रेस की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ की है. ये मामला बेहद गंभीर है, जिसे लेकर अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

## संपादकीय

# चार घंटे का विराम नाकाफी

इस्राइल और हमास के बीच जंग का मैदान बने गाजा के लोगों के लिए यह खबर एक छोटी सी राहत के रूप में देखी जा सकती है कि युद्ध में रोज चार घंटे का मानवीय विराम देने पर सहमति बन गई है। हालांकि जिस युद्ध में चंद दिनों के अंदर 10,800 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और सिविलियन ठिकानों पर भी लगातार बम बरस रहे हैं, वहां इस चार घंटे के विराम को पहली नजर में नाकाफी ही कहा जाएगा। जरूरत तो इस युद्ध को तत्काल बंद करने की है, लेकिन इस्राइल ऐसे किसी प्रस्ताव को फिलहाल स्वीकार करने को तैयार नहीं है। फिर भी, मौजूदा हालात में रोज गाजा के किसी इलाके में चार घंटे का युद्ध विराम घोषित करने और उत्तरी गाजा में दो मानवीय गलियारा खोलने पर हुई इस सहमति को सभी पक्ष पॉजिटिव ढंग से देख रहे हैं। कई वजहों से इसे अहमियत दी जा रही है। अव्वल तो यह कि दुश्मन पक्ष को बर्बाद कर देने के जुनून के बीच यह थोड़ा सोच-विचार करने की मानसिकता के लिए गुंजाइश बनाती है। दूसरी बात यह कि इससे मौत के खतरों से घिरे फलस्तीनी नागरिकों को जान-माल की रक्षा के लिए सुरक्षित इलाकों में जाने का मौका मिलेगा। तीसरी बात यह कि इन मानवीय गलियारों का इस्तेमाल करते हुए गाजा के लोगों के लिए जरूरी मानवीय राहत सामग्री पहुंचाई जा सकेगी। चौथी और सबसे अहम बात यह है कि इसका इस्तेमाल बंधकों की रिहाई के मकसद को आगे बढ़ाने में भी हो सकता है। हालांकि इस चौथी और आखिरी संभावना के साथ कई सारे किंतु-परंतु जुड़े हुए हैं। बंधकों की रिहाई के प्रयासों से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर युद्ध विराम और मानवीय गलियारे का सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए तो बंधकों को गाजा से बाहर निकालना संभव हो सकता है। एक बार यह हो गया तो अनजाने ही हवाई हमलों में इनके मारे जाने की आशंका कम हो जाएगी, वे ज्यादा सुरक्षित रहेंगे और फिर उन्हें छोड़े जाने पर सहमति बनाना भी अपेक्षाकृत आसान होगा। ध्यान रहे, इन बंधकों में 40 से ज्यादा देशों के नागरिक हैं।

# बीमार राजा का इलाज

**भले ही राजा ने ज्योतिष को जेल में डाल दिया हो, लेकिन उसके मन का डर बीतते दिनों के साथ बढ़ता ही जा रहा था। डर के मारे राजा का खाना-पीना भी कम हो गया। अपनी मौत की चिंता की वजह से राजा की भूख मर सी गई थी।**



सालों पहले कृष्णा राज्य में एक राजा का राज हुआ करता था। वो राजा काफी हट्टा-कट्टा और स्वस्थ था। उसे सबसे ज्यादा कुछ पसंद था, तो वो था खाना। उसे हर दम कुछ-न-कुछ खाने का ही मन करता था। हर दम खाते रहने से उस राजा को मोटापे की परेशानी हो गई। होते-होते मोटापा इतना बढ़ गया कि वो राजा बीमार रहने लगा। हर बार डॉक्टर राजा को खाना कम खाने की सलाह देते थे, ताकि राजा का मोटापा कुछ कम हो सके, लेकिन राजा अपने खाने की आदत को कम नहीं कर पा रहा था।

एक दिन दोबारा उसने एक डॉक्टर को दिखाया, उसने भी राजा को खाना कम करने की ही सलाह दी। इस बात से राजा को काफी तेज गुस्सा आ गया। उसने गुस्से में राज्य में एलान करा दिया कि जो मेरा अच्छा इलाज करेगा, उसे मुंह मांगी रकम दी जाएगी। इस एलान के साथ राजा ने एक शर्त भी रखी कि जो भी उसके इलाज में नाकाम होगा उसके सिर को कटवा दिया जाएगा।

तभी एक बुद्धिमान ज्योतिष ने यह भविष्यवाणी कर दी कि कृष्णा राज्य के राजा के पास सिर्फ एक महीने का ही समय बचा है। एक महीने में उनके जीवन का अंत हो जाएगा। इस भविष्यवाणी को जानते ही राजा परेशान हो गया। डर के मारे अब उसे नींद ही नहीं आती थी।

राजा ने भविष्यवाणी करने वाले ज्योतिष को जेल में डलवा दिया। राजा ने अपने सिपाहियों से कहा कि इसे महीने भर के लिए कैद कर लो। इससे यह पता लग जाएगा कि इसकी भविष्यवाणी कितनी सही व कितनी गलत है।

भले ही राजा ने ज्योतिष को जेल में डाल दिया हो, लेकिन उसके मन का डर बीतते दिनों के साथ बढ़ता ही जा रहा था। डर के मारे राजा का खाना-पीना भी कम हो गया। अपनी मौत की चिंता की वजह से राजा की भूख मर सी गई थी। होते-होते एक महीना बीतने को आया। राजा अपनी मौत की चिंता और डर के चलते ज्यादा खा नहीं रहा था, जिस वजह से उसका वजन भी पहले से कम हो गया।

जैसे ही एक महीना खत्म हुआ राजा ने उस ज्योतिष को जेल से बाहर निकालने का आदेश दिया। जैसे ही सिपाही उसे राजा के पास लेकर आए, तो उन्होंने उससे पूछा कि आखिर क्यों तुमने ऐसी भविष्यवाणी की थी? देखो! मैं आज भी जिंदा हूं। तुम्हारी भविष्य वाणी झूठी साबित हो गई है। अब मैं तुम्हारा सिर कटवा दूंगा, ताकि तुम आगे से ऐसी गलत भविष्यवाणी करके लोगों को परेशान न कर सको।

मुस्कुराते हुए ज्योतिष ने राजा से कहा कि मुझे कुछ भी कहने से पहले आप एक नजर शीशे पर डाल लीजिए। देखिए कि सिर्फ और सिर्फ मेरी भविष्यवाणी की वजह से आज आपका शरीर कैसा हो गया है और जिस दिन मैंने भविष्यवाणी की थी, उस दिन आप कैसे थे। आज आप खुद को आइने में देखकर पहले से स्वस्थ कह सकते हैं। आपका वजन बढ़ने के बजाए घटा ही है।

ज्योतिष की बात सुनते ही राजा ने शीशे की तरफ देखा। खुद को देखकर राजा हैरान हो गए। उन्हें काफी खुशी हुई। उन्होंने कहा कि एक महीने से अपनी मौत की भविष्यवाणी सुनकर मैं इतना परेशान हो गया था कि खुद को एक नजर देख तक नहीं पाया। सच में पहले के मुकाबले मेरे वजन में काफी अंतर आया है।

राजा को जवाब देते हुए तुरंत ज्योतिष ने कहा, 'आपका असली डॉक्टर मैं हूं। मैंने आपका वजन कम कर दिया है और उपचार भी एकदम वैसा हुआ जैसा आपने चाहा। मैंने सिर्फ आपको एक डर दिखाया। मैं कोई ज्योतिष नहीं हूं। सिर्फ ज्योतिष बनकर आपकी परेशानी का हल कर रहा था। मैंने एक डर दिखाया और आपने खाना कम कर दिया। नतीजन आज आप पहले के मुकाबले स्वस्थ लग रहे हैं।

राजा को उसकी बात एकदम सही लगी। उन्होंने अपने वादे के अनुसार उसे मुंह मांगा इनाम दिया। इनाम देने के बाद राजा ने थोड़ा सोचा कि जब मौत के डर के कारण खाना कम करने से स्वास्थ्य पर इतना सुधार हुआ है, तो अधिक खाना नहीं चाहिए। यह सोचते ही राजा ने निश्चय कर लिया कि आगे से कभी जरूरत और भूख से ज्यादा खाने का सेवन वो नहीं करेगा।

देखते-ही-देखते राजा की सेहत एकदम ठीक हो गई। उनका वजन नियंत्रित रहने लगा और जिन बीमारियों से वो परेशान थे वो कम हो गईं।

### कहानी से सीख

कहानी से पहली सीख यह मिलती है कि सबसे बड़ा डर मौत का होता है। मौत को पास देखकर इंसान सबकुछ भूल जाता है। दूसरी सीख ये कि भूख से ज्यादा खाने से इंसान बीमार हो जाता है, इसलिए सीमित मात्रा में ही भोजन

---

स्वामी विवेकानंद बचपन से ही बुद्धिमान छात्र थे। उनके तेज दिमाग और प्रभावशाली बातों की वजह से सभी उनकी तरफ खींचे चले जाते थे। एक दिन स्कूल में भी स्वामी विवेकानंद अपने दोस्तों से बातें कर रहे थे। बातों-ही-बातों में स्वामी उन सबको एक कहानी सुनाने लगे। उनके दोस्तों को कहानी अच्छी लग रही थी, इसलिए सभी ध्यान से सुन रहे थे। विवेकानंद कहानी सुनाने में और उनके दोस्त उसे सुनने में इतना खो गए कि किसी को पता ही नहीं चला कि कब मास्टर जी क्लास में आ गए।

## स्वामी विवेकानंद की प्रेरक कहानी

# सत्य का साथ



मास्टर जी ने क्लास में आते ही बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। आगे बैठे बच्चे उन्हें ध्यान से सुन रहे थे कि कुछ ही देर में मास्टर जी के कानों तक विवेकानंद की हल्की आवाज पहुंची। उन्होंने ऊंची आवाज में पूछा कि कक्षा में कौन बातें कर रहा है? वहां मौजूद अन्य छात्रों ने विवेकानंद और उनके दोस्तों की ओर इशारा कर दिया।

यह जानकर टीचर को गुस्सा आया। उन्होंने उन सभी को अपने पास बुलाया और पूछा कि मैं अभी क्या पढ़ा रहा था? कुछ सेकंड तक किसी से कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने हर बच्चे की तरफ देखते हुए सवाल पूछा। सबने अपनी नजरें झुका ली। तभी टीचर विवेकानंद के पास पहुंचे और कहा कि क्या तुम्हें पता है, मैं क्या पढ़ा रहा था? उन्होंने मास्टर को सही जवाब दे दिया।

तब टीचर को लगा कि इन सब बच्चों में से सिर्फ विवेकानंद ही ध्यान से पढ़ रहे थे, दूसरे बच्चे नहीं। यह सोचते ही मास्टर ने स्वामी के अलावा अन्य छात्रों को अपने-अपने बेंच पर खड़े होने की सजा दे दी। सभी ने टीचर की बात मान ली और बेंच पर खड़े हो गए। कुछ ही देर में स्वामी विवेकानंद भी अपनी सीट में जाकर बेंच पर खड़े हो गए।

स्वामी को बेंच पर खड़ा देखकर मास्टर ने कहा कि मैंने तुम्हें सजा नहीं दी है तुम बैठ जाओ। नजर झुकाते हुए विवेकानंद ने कहा, "सर, मैंने ही इन सभी छात्रों को बातों में लगा रखा था। गलती मेरी ही है।" सजा न मिलने पर भी स्वामी विवेकानंद द्वारा सच बोलने पर सभी छात्र काफी प्रभावित हुए।

### कहानी से सीख

जीवन में हमेशा सच बोलना चाहिए।

## Highlights

- **Robbers loot gold, silver jewellery worth ₹20 crore from U'khand store; video surfaces**
- **They are games of skills: Madras HC as it sets aside ban on online rummy & poker**
- **70 hours/week with 1 day off must be the norm: Congress MP Manish Tewari**
- **Akin to mobility lockdown: Uber on non-Delhi registered cab ban**
- **UP policeman features in YouTube video wearing uniform, faces action**
- **6 dead, 25 injured after truck hits parked bus in UP's Gorakhpur**

# US credit rating outlook takes a hit again, Moody's lowers it to 'negative'

**NEW DELHI, (Agency).** The credit rating agency Moody's Investors Service lowered its outlook on the US government's debt on Friday to "negative" from "stable", citing the cost of rising interest rates and political polarisation in Congress.

Moody's retained its top triple-A credit rating on U.S. government debt, though it is the last of the three major credit rating agencies to do so. Fitch Ratings lowered its rating to AA from AAA in August, and Standard and Poor's downgraded the US in 2011. A reduced outlook, however, raises the risk that Moody's could eventually strip its triple-A rating from the US as well.

A lower rating on US debt could cost taxpayers if it leads borrowers to demand higher interest rates on Treasury bills and notes.

The yield on the 10-year Treasury has risen significantly since July, from about 3.9 per cent to 4.6 per cent Friday, an unusually sharp rise.



Some market analysts have said the August Fitch downgrade may have contributed to that increase, though most point to other factors as bigger drivers, such as the Federal Reserve's commitment to keeping its benchmark rate at a 22-year high to battle inflation.

"In the context of higher interest rates, without effective fiscal policy measures to reduce government spending or increase revenues, Moody's expects that the US's fiscal deficits will remain very large, significantly weakening debt affordability," the agency said in a statement.

The Biden administration criticized Moody's decision.

"While the statement by Moody's maintains the United States' Aaa rating, we disagree with the shift to a negative outlook," Deputy Treasury Secretary Wally Adeyemo said. "The American economy remains strong, and Treasury securities are the world's preeminent safe and liquid asset."

The federal government's budget deficit jumped to USD 1.7 trillion in the budget year that ended September 30, up from USD 1.38 trillion the previous year.

# LIC's Q2 profit halves from ₹15,952 cr to ₹7925 cr; here's what happened

**NEW DELHI, (Agency).** The second-quarter profit of India's public-sector and largest insurer, Life Insurance Corporation, has halved. The insurance giant's profit for the quarter ending September 30 was ₹7925 crore. In the same period a year ago, the firm's profit was ₹15,952 crore, LIC said in its regulatory filing.

The company's net income fell to ₹1,07,397 crore in the second quarter of the current fiscal against ₹1,32,631.72 crore in the same period last year.




LIC's total income declined to ₹2,01,587 crore in the latest September quarter, compared to ₹2,22,215 crore in the year-ago period, added.

The profit was reportedly hurt by a fall in premium income. Also, it transferred a lower amount of money to its shareholders' fund, reported Reuters.

The fall in its net income was 18 percent.

To boost its profitability after a change in its accounting policy, LIC transferred 62.77 billion rupees from its non-participating fund to a shareholders' fund for the quarter ended September 30, the company said.

## सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

## को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित करने में अपना योगदान दीजिये ।

**हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!**

**हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!**

**'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।**

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

**Facebook**
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

**Instagram**
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।